**<u>दिनांक 23.01.2024</u>**

पत्रावली पेश हुई। वाद पुकारा गया। पुकार पर परिवादी की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री पंकज नेगी द्वारा हाजरी माफी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत। सुना। न्याय हित में केवल आज के लिए स्वीकृत। अभियुक्त मय विद्वान अधिवक्ता श्री महेश बलूनी उपस्थित। अभियुक्त की ओर से प्रार्थना पत्र कागज संख्या 70ब सूची कागजात से दस्तावेज प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत एवं सूची कागजात 71ब मय दस्तावेज प्रस्तुत। पत्रावलित हो। परिवादी की ओर से अन्तर्गत धारा 315 दं0प्र0सं0 का प्रार्थना पत्र अभियुक्त को बचाव साक्ष्य के रूप में परीक्षित करवाने हेतु प्रस्तुत। सुना। प्रार्थना पत्र स्वीकार किया गया। बयान डी0डब्लु01 श्री शैलेन्द्र की मुख्य परीक्षा अंकित की गयी। जिरह हेतु स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 73ब परिवादी की ओर से प्रस्तुत। सुना। न्याय हित में केवल आज के लिए स्वीकृत।

पत्रावली वास्ते जिरह डी0 डब्लु01/शेष बचाव साक्ष्य/ अन्तर्गत धारा 437—ए दं0प्र0सं0 का अनुपालन करने दिनांक 29.01.2024 को पेश हो।

(मौ0 याकूब)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
पौड़ी गढ़वाल।